संक्षिप्त

आगजनी पीड़ित परिवार को सहायता राशि सुपुर्द

बौंली-बामनवास। क्षेत्र के बरनाला तहसील की सुंदरी गांव में विगत दिनों हुई आगजनी में स्थानीय रामसिया मीणा के छप्परपोष घर में आग लग जाने से आहत परिवार को सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर एक मिशन चलाकर एकत्रित की गई सहायता राशि 1लाख28हजार रुपए बुधवार को सुपुर्द कर दी गई। सोशल मीडिया मिशन ग्रुप के सदस्य हुकम सिंह ने बताया कि सुंदरी गांव के रामसिया मीणा के छप्पर पोष घर में अज्ञात कारणो से आग लग गई, इस आगजनी में पीड़ित परिवार के कपड़े, बिस्तर, गेहूं, सरसों, चारा व अन्य सामान जलकर राख हो गया जिससे परिवार के सामने लालन-पालन का गंभीर संकट खड़ा हो गया, इनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए सोशल मीडिया पर ग्रुप चलाकर आमजनों से राशि एकत्रित की गई, जिसमें सहायतार्थ 1लाख28हजार रुपए की राशि एकत्रित हुई, उसे सदस्यों ने बुधवार को पीड़ित परिवार के सुपुर्द कर दिया।

उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पावटा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा हवा महल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य को लेकर की गई टिप्पणी से समस्त सनातनियों में रोष व्याप्त है ।भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नाम ज्ञापन पत्र सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन पत्र में उन्होंने बताया डोटासरा सस्ती लोकप्रियता के लिए लगातार साधु संतों एवं भाजपा पर अनर्गल टिप्पणी करते रहते हैं । इसके लिए सभी सदस्यों को अनुशासन सिखाया जाना चाहिए। ज्ञापन पत्र के दौरान वरिष्ठ नेता जगदीश यादव, गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा, बिशन सिंह तंवर, एडवोकेट बालकृष्ण शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 को

दौसा। जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 मार्च को प्रातः 11 बजे से यहां जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोकसेवाएं एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टरने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और लॉक स्तरीय अधिकारी संबंधित लॉक के सूचना प्रौद्यागिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रसिंग के माध्यम से जुडेंगे।

सहकारिता मंत्री का स्वागत किया

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में मंगलवार को भांकरी निवास पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सहकारिता और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कोठारी, पूर्व जिला, अध्यक्ष कोटा हेमंत विजयवर्गीय ,आशीष धनखड, प्रागपुरा मंडल विकास सिंह शेखावत कैरोड़ी, शेरसिंह मंडा, हेमन्त धनखड, यादराम जांगल, रामोतार सिंह, रूप सिंह, मनोज चौधरी, रामकरण यादव, कृष्ण यादव, सुलतान चौधरी, भीमसेन गुर्जर, कृष्ण सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साधारण सभा की बैठक 24 को

कोटपूतली। पंचायत समिति कोटपूतली साधारण सभा की बैठक आगामी 24 मार्च सोमवार को पंचायत समिति सभागार में प्रातरू 12.30 बजे से प्रधान नेहा रावत की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी। साधारण सभा में क्षेत्र के समस्त जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य व सरपंचगणों को आमंत्रित किया गया है।

शिविर आज

श्रीमाधोपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के तत्वावधान में श्रीमाधोपुर में 20 मार्च गुरूवार को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक आयुष चिकित्सालय प्रभारी ने बताया कि इस दौरान शिविर प्रभारी डॉ. प्रवीण सावंत एवं उनकी टीम के द्वारा विभिन्न रोगो से ग्रसित मरीजों की जांच के बाद परामर्श देंगे।

धूमधाम से मनाई जा रही है महाराव खंगारोत कछवाहा की 500वीं जयंती

जयपुर। कछवाहा वंश की खंगारोत शाखा के संस्थापक महाराव खंगार जी कछवाहा की 500वीं जयंती नरेना में ऐतिहासिक धूमधाम, गौरव और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर नरेना में विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 22 मार्च को नरेना में आयोजित होगा। इसमें शोभायात्रा, वीरगाथा पाठ,ऐतिहासिक व्याख्यान, सांस्कृतिक संध्या, वंशजों का सम्मान समारोह, सामूहिक भोज शामिल हैं। इसमें शोभायात्रा, वीरगाथा पाठ,ऐतिहासिक व्याख्यान, सांस्कृतिक संध्या, वंशजों का सम्मान समारोह, सामूहिक भोज शामिल हैं। नरेना दुर्ग में महाराव खंगार जी की स्मृति में विशेष पूजा-अर्चना और विजय स्तंभ पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य महाराव खंगार जी के शौर्य, त्याग और बलिदान से युवा पीढ़ी को परिचित कराना है, ताकि वे अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ें। समस्त खंगारोत वंश, कछवाहा वंश और राजस्थान के इतिहास में महाराव खंगार जी का एक विशिष्ट और वीरता से भरा स्थान है, जिनकी वीरगाथाएं आज भी जीवित हैं।

जयपुर के डिग्गी पैलेस में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई।

- खंगारोत वंश और कछवाहा वंश के लोग नरेना में हुए एकत्र
- नरेना में विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

यह जानकारी आज जयपुर के डिग्गी पैलेस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ओम शिव प्रताप सिंह महेशवास ने दी। इस अवसर पर राघव प्रताप सिंह डिग्गी, त्रिवेन्द्र सिंह बोराज, जोगिंदर सिंह सावरदा, चरणजीत सिंह पथराज भी उपस्थित रहे।

महाराव खंगार ने अपने अदम्य साहस, संगठन शक्ति और दूरदर्शिता से नरेना को एक संगठित और मजबूत ठिकाने के रूप में विकसित किया। उन्होंने 500 अश्वारोही और पैदल सैनिकों की एक सुसंगठित सेना तैयार की, जो सदैव नरेना की रक्षा के लिए तत्पर रहती थी। यह सेना न केवल ठिकाने की सुरक्षा करती थी, बल्कि क्षेत्र में शांति, न्याय और व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक थी। वे एक कुशल प्रशासक और धर्मनिष्ठ शासक थे। उन्होंने अपने शासनकाल में नरेना में तालाब, कुएं, बावड़ियां, मंदिर, धर्मशालाओं का निर्माण करवाया, जिनसे जनता को स्थायी लाभ मिला। उनके दरबार में न्याय की त्वरित व्यवस्था थी और वे प्रजावत्सल शासक के रूप में प्रसिद्ध रहे। उनका जीवन आज भी समस्त खंगारोत वंश और कछवाहा वंश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके स्थापित आदर्श आज भी सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में मार्गदर्शक हैं।

सड़को के नवीनीकरण के लिए 81 लाख की मिली स्वीकृति

चौमू / कालाडेरा । विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 81 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवम् पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। सड़क नवीनीकरण कार्यो में सीमारला सड़क से मँगावा की ढाणी तक (1 किमी.) 18 लाख, हाथनौदा से हनुमान जी रोड सागर की ओर (1 किमी.) 18 लाख, बांसा से पाल की ढाणी तक (2.50 किमी.) 45 लाख रुपयो की लागत के निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिली है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए 81 लाख रुपयों की स्वीकृति मिली हैं, उक्त सड़के काफ़ी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। सड़को के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जनसुनवाई में समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पावटा। विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए। जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए।

विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए जनसुनवाई मे बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे। इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। विधायक धनकड ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे।

विधायक कुलदीप धनकड ने ग्राम भांकरी निवास पर जनसुनवाई के तहत जनता से रूबरू हुए।

- 'समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनता के सुझाव भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, तभी होगा क्षेत्र का विकास'

इसलिए जनसुनवाई के माध्यम से ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो।

अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना जारी

कोटपूतली। जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में बुधवार को भी जारी रही। आपको बता दें कि जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 35 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं विगत 21 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल बुधवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में डीके सैनी, बदलूराम, सुशील यादव, निरंजन कुमावत व नवीन कुमार मीणा आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। धरने को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने के लिये हरसम्भव संघर्ष किया जायेगा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने धरना स्थल पर आगामी आन्दोलन की रूपरेखा भी बनाई।

अनशन पर बैठ कर प्रदर्शन करते वकील।

- अधिवक्ताओं ने बनाई बड़े आन्दोलन की रूपरेखा

गौरतलब है कि विगत लगभग एक माह से अधिक समय से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में हजारों मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है।

पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी। इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा।

समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सचिव हेमंत शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी, अशोक कुमार सैनी, जितेन्द्र रावत, राजेन्द्र चौधरी, सागरमल शर्मा, अमरसिंह पूनिया, चेतराम रावत, ओमप्रकाश सैनी, नवीन मीणा, विकास मीणा, मुकेश यादव, शिवकुमार शर्मा व अशोक आर्य सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

खाद्य पदार्थ कारोबारियों के लिए फोसटेक ट्रेनिंग का आयोजन

पावटा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक जयपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली-बहरोड़ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार बुधवार को खाद्य पदार्थ कारोबारियों के लिए फोसटेक ट्रेनिंग प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होटल ओल्ड राव आंतेला-भाबरू एवं दोपहर 12 बजे बाद होटल मन्नत पावटा में आयोजित की गई। ट्रेनिंग में सभी खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारी जिसमें परचूनी वाले, हलवाई, किराना वाले, रेस्टोरेंट वर्कर, फल विक्रेता आदि शामिल हुए। जिसमें कुल 110 खाद्य कारोबारी ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत ने खाद्य करोबारियों का स्वागत किया एवं इसकी महत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि होटल, रेस्टोरेंट में भोजन बनाते समय स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। खाद्य पदार्थ तैयार करते समय एप्रोन, टोपी, मास्क आदि का उपयोग करना चाहिए तथा मिठाई दुकानदारों को खाद्य रंग सिमित मात्रा में करना चाहिए। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों में हाइजीन रेटिंग किया जाना है, फोस्टेक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर खाद्य कारोबारी द्वारा खाद्य सुरक्षा के मापदंडों को पूरा करने में सहुलियत होगी। ताकि हाइजीन रेटिंग में खाद्य प्रतिष्ठान को अच्छा रेटिंग मिल सके। तले, भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थ जैसे समोसे, पकोड़े, जलेबी, कचरी बड़ा आदि को अखबार प्रिंटेड पेपर एवं पॉलीथिन में नहीं देना चाहिए। फास्टैक ट्रेनर गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि खाद्य पदार्थों को सुव्यवस्थित रखने, समय पर हाथ धोने, कीटों से बचाव, कच्चा एवं पका भोजन को अलग-अलग रखने तथा कचरे का निपटान के तरीको को बताया।

ट्रेनिंग के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ व शुद्ध सामग्री के निर्माण, भंडारण, विक्रय, परिवहन के लिए फोस्टेक फूड सेफ्टी प्रशिक्षण व सर्टिफिकेशन कार्यशाला आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण निःशुल्क कराया गया। साथ ही इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं की जागरूकता बढ़ेगी, खाद्य पदार्थ के रखरखाव के तरीके का पता रहेगा जिससे छोटे व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, आरसीएचओ अरविंद अग्रवाल,खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा एवं फास्टैक ट्रेनर गौरव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण शामिल रहे।

प्रोपटी डीलरों द्वारा जयासाबंध के नीचे की जा रही अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

अलवर। खबर का असर हुआ आखिर वो दिन आ ही गया जब भाजपा में अपने को दिग्गज नेता कहने वाले राजगढ विधानसभा प्रत्याशी बन्ना राम मीणा, ओमी मीणा व अन्य प्रोपटी डीलरों द्वारा केसरपुर में जयासाबंध बांध के नीचे 25 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को अलवर यूआईटी ने तहस नहस कर नेता जी को बता दिया कि मीडिया और प्रशासन भी कोई चीज होती है। मंत्री के साथ मंच साझा करने से यहां कुछ नही होता भाजपा के बडे नेता इस प्रकार के गौरख धंधे से परे है। यही कारण रहा कि आज बन्ना राम अपनी अवैध प्लाटिंगों को नही बचा पाएं। अब जल्दी ही यूआईटी के निषाने पर अलवर जयपुर रोड पर सिलीसेढ तिराहे के पास भाजपा के ही तीन छुटभैया नेताओ द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग है अब जल्दी यहां भी यूआईटी का पीला पंजा चलने वाला है।

अलवर में ईआरसीपी योजना आने वाली है और इस योजना में सीलिसेढ और जयसाबंध बांध को भी चयनित किया गया है।

केसरपुर में 25 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की

यहां इस योजना द्वारा पानी लाया जाना है लेकिन जैसे ही भाजपा सरकार सत्ता में आई और दो मंत्री बनने के बाद भाजपा के कुछ नेताओं को यह गुमान हो गया कि वे अब कुछ भी कर सकते है उन्होंने केसरपुर में बहाव क्षेत्र की जमीन और मत्सय विभाग की जमीन पर अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी वही सीलिसेढ के बहाव क्षेत्र में अवैध रूप से हजार -हजार गज के फार्म हाउसों की अवैध प्लाटिंग शुरू की गई तो इस जनहित पर आधारित मुद्दे को समाचार के रूप में बार-बार प्रकाषित किया लेकिन इसका असर प्रषासन पर कुछ नही हुआ क्योंकि नेताजी सत्ता का रोआब अधिकारियों पर झाडते रहे और अपने गौरख धंधे को जारी रखते रहे। इसकी षिकायत पत्रकारों ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से की तो उन्होंने कहा कि सब पर कार्यवाही होगी इसके बाद कुछ लोगों ने और मीडिया ने प्रभारी मंत्री किरोडी लाल मीणा से भी इसकी षिकायत की तो मंत्री किरोडी लाल मीणा ने इस पर संज्ञान लेते हुए इस पर कार्यवाही करवाते हुए इन नेताओं को आईना दिखा दिया।

- अब यूआईटी के निषाने पर सीलीसेढ तिराहे पास हो रही फार्म हाउसों की अवैध प्लाटिंग,कभी भी चल सकता है
- यहां पीला पंजा कबरपुर,भाखेडा,उम रैण सहित मालाखेडा के मूंडिया तिराहे की अवैध प्लाटिंग पर भी प्रषासन की निगाहे

2 वर्षीय अलशिफा ने जीवन का पहला रमजान रखा

मनोहरपुर । कस्बे के रावधीर सिंह कॉलोनी निवासी आरिफ खान की पुत्री अलशिफा खान उम्र 12 वर्ष ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा है। जानकारी देते हुए गुलशेर खान ने बताया कि अलशिफा ने सुबह 4 बजे उठकर खाना व सवैया खाई और 5 बजे शहरी बंद कि उसके बाद से ही शाम को 6 बजकर 41 मिनट तक भूखी प्यासी रहकर अपने रब की इबादत कर अपने सब्र का इम्तिहान दिया और अपने रब को राजी किया। इस दौरान सलाऊ खान ने बताया कि रमजान रखने में बड़े ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों में भी होड सी लगी हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि अलशिफा ने रोजा इफ्तार करने से पूर्व भारत देश के लिए अमन चैन की व खुशहाली की दुआ मांगी। सुबह जल्द ही 4 बजे अलशीफा के माता पिता ने उसे सुबह उठाया और उसके लिए खीर सवैया व खाना बनाने जैसे बढ़िया तैयारियां की गई।वही शहरी करने के बाद अलशिफा ने फजर की नमाज अदा की और पूरे दिन में वह थोड़ा समय के लिए आराम की और उसके बाद ही उन्होंने अल्लाह का जिक्र भी किया।

सार-समाचार

दौसा जिला स्थापना दिवस पर 10 अप्रेल को होंगे विभिन्न कार्यक्रम

दौसा। दौसा जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 10 अप्रेल को जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामस्वरूप चौहान ने इस संबंध में बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी तय कर तैयारियां शुरु करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि दौसा जिले की स्थापना 10 अप्रेल 1991 को की गई थी, जिसके उपलक्ष्य में आगामी 10 अप्रेल को स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्थापना दिवस पर फुटबॉल मैच, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने इनके सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन कर अधिकारियों को तैयारियां शुरु करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशन में संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, जिला कोषाधिकारी रामचरण मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शिविर में 65 मरीज का क्षार सूत्र विधि से ऑपरेशन किया

श्रीमाधोपुर । कस्बा श्रीमाधोपुर में 16 मार्च से 25 मार्च तक बजाज धर्मशाला में चल रहे अर्श भगंदर, पाईल्स, फिस्टूला, गुदा रोगों का शल्य चिकित्सा शिविर में आउटडोर मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इनमें से 65 मरीजो का क्षारसूत्र विधि से आपरेशन किए गए। सह शिविर प्रभारी डॉ. व्यास, शिविर प्रभारी डा. सत्यनारायण राव ने बताया कि चार विशेषज्ञ सर्जन डा. तरुण प्रमाणिक,डा. यादराम गूर्जर,डा. सरोज मीणा,डा. ओमप्रकाश चेचू की टीम ने सफलतापूर्वक 65 आपरेशन किए। अभी 99मरीजों को भर्ती किया जा चुका है।आज भी आपरेशन जारी रहेंगे। ब्लाक नोडल प्रभारी डा. संदीप कुमार भारद्वाज ने बताया कि आज 20 मार्च को एक विशेष चिकित्सा कैम्प बजाज धर्मशाला में ही आयोजित होगा जिसमें सभी बीमारियों का उपचार किया जाएगा तथा निःशुल्क दवाइयां दी जायेंगी। इसके लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की विशेष टीम आ रही है। समाजसेवी भगवान सहाय महर्षि ने शिविर में सभी को फलाहार कराया। सार्वजनिक औषधालय समिति श्रीमाधोपुर की ओर से आयोजित इस शिविर को जनता बहुत पसंद कर रही है। 25 सेवाभावी लोगो की टीम सभी व्यवस्थाएं कुशलता से निभा रही हैं।

बैठक आयोजित

श्रीमाधोपुर । हांसपुर श्री राम गऊ नंदी शाला में एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में राजू भाई हांसपुर द्वारा ट्रैक्टर देने व बैंक खाता खुलवाने आदि पर विशेष चर्चा की गई ।श्रीराम नंदी शाला सती वाला जोहड़ा हांसपुर मैं पदाधिकारी कोर कमेटी के सदस्य अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल कटारिया, संरक्षण विनेश सैनी पार्षद ,विश्वनाथ शर्मा, प्रकाश चंद गुरुजी, कमलेश कुमार, बनवारी मीणा ,ओमप्रकाश प्रधान आदि ने बैठक में भाग लिया। सभी ने गौशाला का रजिस्ट्रेशन बैंक में खाता खुलवाने का प्रस्ताव रखा। 15 अप्रैल को राजू भाई हांसपुर गौशाला में नया ट्रैक्टर देंगे भामाशाह राजू भाई का आभार प्रकट करने के लिए विशेष जूलुस व आम सभा का प्रस्ताव रखा ।बालाजी जिम अनाज मंडी गेट से होकर श्रीमाधोपुर नगर भ्रमण करते गांव में ठाकुर जी मंदिर के दर्शन करने के बाद आमसभा को संबोधित करेंगे। हांसपुर गौशाला की सभी सदस्य गण अपनी अपनी गाड़ी मोटरसाइकिल का नंबर नोट करवा दे व गौ माता कैसे पुण्य काम के भागीदारी बने के लिए आग्रह किया है

समर्थन मूल्य पर खरीद की तैयारियों का लिया जायजा

कोटपूतली। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बुधवार को कृषि उपज मंडी एवं कोटपूतली क्रय-विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण कर समर्थन मूल्य खरीद (एमएसपी) की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उल्लेखनीय है की जिले में 01 अप्रैल से 30 जून तक समर्थन मूल्य पर खरीद की जायेगी। जिसमें सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपये एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये निर्धारित किया गया है। एडीएम ने निरीक्षण के दौरान तुलाई मशीन, पर्याप्त बारदाना, मोइश्चर मीटर और भण्डारण व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को किसानों के लिये आवश्यक व्यवस्थायें चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की मंडी में आने वाले किसानों के लिये उचित पेयजल व बैठने के स्थान सहित अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने मिड-डे मिल में काम आ रहे गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता का जायजा लिया एवं उपज के उचित भंडारण एवं साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों के हित में पूर्ण पारदर्शिता के साथ एमएसपी पर खरीद की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा। जिससे की किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

बिजली कटौती से आमजन परेशान

नारायणपुर। उपखंड क्षेत्र में पिछले एक महीने से बिजली विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने, आवश्यक विद्युत रखरखाव कार्य और 33 केवी मेन बसबार बदलने के नाम पर लगातार बिजली कटौती की जा रही है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण नल सेवा भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिससे पीने के पानी की किल्लत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने के कारण पानी की टंकियों में आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे आमजन को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। लगातार बिजली कटौती से व्यापारी और छोटे उद्योग संचालक भी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि बिजली कटौती से उनके कारोबार को भारी नुकसान हो रहा है। छोटे उद्योगों में उत्पादन ठप होने से श्रमिकों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द बिजली आपूर्ति नियमित नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन से भी इस मामले में हस्तक्षेप कर आमजन को राहत देने की अपील की गई है।

प्रचलित रास्ते से अतिक्रमण हटाया

श्रीमाधोपुर । तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा द्वारा ग्राम रायपुर जागीर में खसरा नंबर 1011 से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते को पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से अतिक्रमण मुक्त कर रास्ता सुचारू किया गया। तहसीलदार ने बताया कि ग्राम रायपुर जागीर में ढाणी पातुवाला को जोड़ने वाले प्रचलित रास्ते पर रातोंरात टीन शेड व तारबंदी कर रास्ता अवरूद्ध करने की शिकायत परिवादी बाबूलाल यादव ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में की थी, जिस पर तहसीलदार द्वारा प्रकरण की जांच पटवारी हल्का रायपुर जागीर सतीश लूनीवाल से करवाने पर शिकायत सही पाए जाने पर तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर गांव के मौजीज लोगों की उपस्थिति में समझाइश कर दोनों पक्षों को अपने अपने खेतों में आवागमन के लिए कटानी रास्ता उपलब्ध कराया गया और बिना सक्षम आदेश के रास्ते की यथास्थिति बनाए रखने हेतु दोनों पक्षों को पाबंद किया गया। रास्ता खुलने पर ग्रामीणों द्वारा प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

फ्री महिला कंप्यूटर कोर्स आरएस - सीआईटी का उद्घाटन किया

शाहपुरा । मिलन ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन की यूनिट मिलन इन्फोटेक में बुधवार को महिला बाल विकास मंत्रालय के द्वारा महिला प्रोत्साहन के लिए कंप्यूटर शिक्षा के लिए आरकेसीएल के माध्यम से फ्री महिला कंप्यूटर कोर्स - का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पंडित छाजू राम त्रिवेदी, कमलेश कुमार सैनी, दिलीप शर्मा, नरेंद्र सैनी, अमित सैनी एवं वार्ड पंच मौजूद रहे। डायरेक्टर मिलन शर्मा ने बताया कि यह बैच महिला बाल विकास मंत्रालय के द्वारा आरकेसीएल के अधीन प्रतिवर्ष करवाया जाता है इसमें लॉटरी सिस्टम के माध्यम से महिलाओं का चयन होता है - आज राजस्थान में महत्वपूर्ण कोर्स है।

कांग्रेस कमेठी की बैठक आज

निवाई। कांग्रेस कमेठी के तत्वावधान में गुरूवार को सुबह 11 बजे गंगा-जमना गार्डन में पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त विधान सभा समन्वयक राजेश चौधरी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे।